दिनांक : 22.02.2026

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों से साझा करेंगे अपने विचार।
- प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर के अंतर्गत अंतिम मतदाता सूची जारी।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 'प्रोजेक्ट चीता' को 'प्रकृति से प्रगति' का संदेश देने वाली विश्व की सबसे सफल परियोजना बताया।
- टी-20 क्रिकेट विश्व कप में आज सुपर-8 मुकाबलों में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।

पीएम- मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण ए आई आर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

पीएम मेरठ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दोपहर उत्तर प्रदेश के मेरठ के शताब्दी नगर नमो भारत

स्टेशन पर मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को झंडी दिखाकार रवाना करेंगे। वे मेरठ दक्षिण स्टेशन तक मेट्रो की यात्रा भी करेंगे। श्री मोदी बाद में लगभग 12 हजार 930 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक सभा को भी संबोधित करेंगे।

मतदाता सूची

प्रदेश में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 39 लाख 81 हजार 65 है। इनमें पुरुष मतदाता 2 करोड़ 79 लाख 4 हजार 975, महिला मतदाता 2 करोड़ 60 लाख 75 हजार 186 तथा थर्ड जेंडर मतदाता 904 हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को कल अंतिम मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी सौंपी गई। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। जिन नागरिकों के नाम मतदाता सूची में छूट गए हैं अथवा किसी प्रकार का संशोधन है, वे ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

एसआईआर इंदौर

इंदौर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। जिले में अब कुल 24 लाख 86 हजार 996 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 12 लाख 52 हजार 332 पुरुष मतदाता, 12 लाख 34 हजार 569 महिला मतदाता तथा 95 अन्य मतदाता शामिल हैं। इधर, भोपाल जिले के सातों में विधानसभा मतदाताओं की स्थिति विधानसभा क्रमांक-149 बैरसिया विधानसभा में 245030 मतदाता है, 150-भोपाल उत्तर में 205605, 151-नरेला विधानसभा में 283893 मतदाता,152-भोपाल दक्षिण पश्चिम में

172610, 153-भोपाल मध्य में 181274, 154-गोविंदपुरा में 320746 तथा 155 हुजूर में 336295 मतदाता हैं।

एआई इम्पैक्ट समिट – प्रतिक्रियाएं

नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट और एक्सपो ने नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं, नवप्रवर्तकों तथा स्टार्टअप्स को विचारों का आदान-प्रदान करने और ए.आई-आधारित समाधानों को प्रदर्शित करने के लिए एक साझा मंच प्रदान किया। इस शिखर सम्मेलन में 5 सौ से अधिक ए.आई नेताओं, सौ से अधिक संस्थापकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, एक सौ 50 शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं तथा लगभग चार सौ मुख्य तकनीकी अधिकारियों ने भाग लिया। एआई समिट में भाग लेने वाले एक प्रदर्शक साकार यादव ने आकाशवाणी न्यूज़ से बात करते हुए कहा कि शिखर सम्मेलन में बहुत कुछ सीखने के साथ ही नेटवर्किंग के अवसर मिले। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी में ए.आई का उपयोग करने की अपार संभावनाएं भारत में मौजूद हैं।

प्रोजेक्ट चीता

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने 'प्रोजेक्ट चीता' को 'प्रकृति से प्रगति' का संदेश देने वाली विश्व की सबसे सफल परियोजना बताया है। मुख्यमंत्री ने इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हुए कहा कि श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मध्यप्रदेश में चीता पुनर्स्थापन का अभियान पूरी तरह सफल हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो में चीतों की सफल बसाहट पर खुशी जताते हुए कहा कि 28 फरवरी तक बोत्सवाना से 8 और चीते लाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सितंबर 2022 में शुरू हुई यह वन्य जीव संरक्षण यात्रा सफलता के स्वर्णिम सोपान चढ़ चुकी है। नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों ने भारतीय धरती पर खुद को अनुकूलित कर लिया है। उन्होंने कहा कि भारत के अभयारण्यों में फर्राटे भरते चीतों की रफ्तार भविष्य

में जैव-विविधता संरक्षण की एक प्रेरक मिसाल बन रही है।

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश में फरवरी के महीने में चौथीं बार बारिश का अलर्ट जारी हुआ है। मौसम विभाग ने सोमवार को मंडला, डिंडौरी समेत 7 जिलों में पानी गिरने का अनुमान जताया है। दूसरी ओर, आज मौसम साफ रहेगा दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। पारा 3 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। पिछले 24 घंटे के दौरान भोपाल, सागर, जबलपुर, धार, इंदौर, खंडवा, रायसेन, रतलाम, उज्जैन समेत 15 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई।

कल जिन जिलों में बारिश हो सकती है, उनमें छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर जिले शामिल हैं।

क्रिकेट टी20 विश्व कप

आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर 8 चरण में भारत आज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। यह मैच शाम 7 बजे से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा।

भारतीय टीम सभी चार मैच जीतकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पर रही। अमरीका को हराने के बाद भारतीय टीम ने नामीबिया को हराया। वहीं पाकिस्तान को 61 रन से मात दी। अपने अंतिम ग्रुप मैच में नीदरलैंड्स को 17 रनों से हराया था।

इस बीच, कल रात सुपर 8 का पहला मुकाबला कोलंबो में बारिश के कारण रद्द हो गया। यह मैच न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच खेला जाना था, जिसमें दोनों टीमों ने एक-एक अंक साझा किए।

संक्षिप्त समाचार

1- खंडवा में "संकल्प से समाधान" अभियान के तहत छैगांवमाखन विकासखंड के ग्राम डुल्हार और देशगांव में आज शिविर आयोजित किए जाएंगे।

2- मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने और संस्थागत प्रसव को 100 प्रतिशत तक ले जाने के उद्देश्य से जबलपुर के बजाग में 'केयर कम्पैनियन प्रोग्राम' का विशेष प्रशिक्षण कल आयोजित किया गया।

3- होली के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे ने रतलाम मंडल से होकर 5 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. आंबेडकर नगर-पटना साप्ताहिक स्पेशल 26 फरवरी से 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार को डॉ. आंबेडकर नगर से पटना और शुक्रवार को पटना से आंबेडकर नगर के बीच संचालित होगी।

4- राजगढ जिले के कृषि धाम मोहनपुरा डेम में 23 से 25 फरवरी तक तीन दिवसीय कृषि मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

5- खरगोन के ऐतिहासिक नवग्रह मेले में आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या में अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्री ने कथक नृत्य की प्रस्तुति दी।

6- बैतूल जिले में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री व प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कल ग्राम कढ़ाई में निर्माणधीन नवीन जेल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।